हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

- अचानक पहुंची टीम, करीब 1 घंटे तक चला मूवमेंट
- स्टेशन के सभी चार प्लेटफार्म पर चला तलाशी अभियान

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में सैन्य मूवमेंट

## एक घंटे तक चप्पे-चप्पे पर दिखे आरपीएफ जवान व डॉग स्क्वाड

हरिभूमि न्यूज-डोंगरगढ़

मंगलवार 6 मई की सुबह छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक असाधारण नजारा देखने को मिला। अचानक रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और डॉग स्क्वाड की सक्रियता ने आम यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को चौंका दिया। पूरे स्टेशन को सेनेटाइज किया गया। चारों प्लेट फॉर्मों पर सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई और बारीकी से तलाशी अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों में उस वक्त और ज्यादा उत्सुकता बढ़ गई, जब बख्तरबंद सैन्य वाहनें, भारी गोला-बारूद और अन्य सैन्य सामग्री से लदी एक विशेष ट्रेन स्टेशन पर पहुंची। यह ट्रेन रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी, जिसे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 के बीच की लाइन पर रोका गया। सेना के जवानों और अधिकारियों से घिरी इस ट्रेन के आसपास आम लोगों को फटकने तक नहीं दिया गया।



पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। करीब एक घंटे तक यह सैन्य ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही। इस दौरान सुरक्षा बलों की सतर्कता चरम पर थी। डॉग स्क्वाड ट्रेन और उसके आसपास के इलाकों की बारीकी से जांच करती रही।

### गोला बारूद और सैन्य सामग्री से लदी विशेष ट्रेन पहुंची डोंगरगढ़





### सुरक्षा कारणों से नहीं दी जानकारी

सेना की ओर से इस मूव्हमेंट के बारे में कोई अधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई, लेकिन ट्रेन में मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा कारणों से कोई जानकारी नहीं दी जा सकती। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है। डोंगरगढ़ में हुई यह सैन्य हलचल उसी तैयारी का एक संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मूव्हमेंट या तो उत्तर दिशा की ओर सैन्य सशक्तिकरण के तहत है या फिर यह एक विशेष रणनीतिक रिलोकेशन का हिस्सा हो सकता है।

### एक घंटे तक चला अभियान

मंगलवार 6 मई की सुबह छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अचानक विशेष सतर्कता दिखाई देने लगी। आरपीएफ के जवान और डाग स्क्वाड भी हरकत में आ गए। यह सब लगभग एक घंटे तक चलता रहा।

# 17 हजार श्रमिक परिवारों को झटका, निजी अस्पतालों ने नहीं कराया पंजीयन रेन्यूवल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रमिकों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार निजी अस्पतालों के साथ अनुबंध करती है। इसके लिए अस्पतालों को पहले पोर्टल के जरिये पंजीयन कराना होता है। पिछले साल तक जिले के कई निजी अस्पताल यह सुविधा उपलब्ध करा रहे थे, लेकिन इस बार किसी भी अस्पताल में यह सुविधा श्रमिकों को नहीं मिल रही है। सभी अस्पतालों ने श्रमिकों के इलाज से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। जिसके चलते 17 हजार श्रमिक परिवारों के सामने दिक्कतें आ गई है।

उल्लेखनीय है कि ईएसआईसी यानि कर्मचारी राज्य बीमा के तहत श्रमिकों के इलाज के लिए अस्पतालों का पंजीकरण आवश्यक है। ईएसआई के तहत अस्पतालों को पंजीकृत करने के बाद ही वे ईएसआई लाभार्थियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। यह पंजीकरण प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि अस्पताल ईएसआई द्वारा निर्धारित मानकों और नियमों का पालन करते हैं और योग्य रोगियों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करते। 31 मार्च 2025 तक अस्पतालों के पंजीकृत होने के चलते ईएसआईसी का लाभ मिल रहा था, परन्तु अब निजी अस्पताल में इलाज की यह सुविधा नहीं मिल पा रही है।




### 17 हजार परिवार, बिल जमा कर रहा विभाग

इधर किसी भी अस्पताल के पंजीकृत नहीं होने के चलते अब अस्पतालों में सुविधा तो नहीं मिल पा रही, लेकिन इलाज कराने वाले लोगों से संबंधित विभाग बिल की कॉपी जरूर जमा करवा रहा है। जिससे आगे चलकर सुविधा श्रमिकों को प्रदान हो पाए। ज्ञात हो कि जिले में 17 हजार श्रमिक परिवार हैं। जिनमें करीबन 60 हजार सदस्य हैं। जिनको यह सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### रिफर करने पर ही मान्य

जिले में अब केवल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही ईएसआईसी के तहत इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल से निजी अस्पताल रिफर होने पर यह सुविधा मिलेगी, लेकिन यदि कोई मरीज सीधे निजी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचता है तो उसे ईएसआईसी के तहत यह सुविधा नहीं मिल पाएगी।

### यह अस्पताल थे पंजीकृत

मिली जानकारी के अनुसार मार्च 2025 तक शहर में आधा दर्जन अस्पताल यह सुविधा दे रहे थे। इनमें समदा अस्पताल, कुमुद मोहबे अस्पताल, पारख नर्सिंग होम, श्रीराम अस्पताल एवं संजीवनी अस्पताल शामिल रहे, लेकिन इन अस्पतालों ने अब नए सत्र के लिए अपना पंजीयन नहीं कराया है। जिसके चलते इन अस्पताल में श्रमिको को सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### पंजीयन जरूरी, तभी कर पाएंगे इलाज

ईएसआईसी के तहत श्रमिकों के इलाज के लिए अस्पताल को पंजीकृत होना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया ईएसआईसी के नियमों और विनियमों के अनुसार की जाती है, ताकि श्रमिकों को निर्धारित चिकित्सा सुविधाएं मिल सके। पंजीकरण के लिए अस्पताल को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होते हैं। अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र, अस्पताल की बुनियादी जानकारी, अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों की सूची, अस्पताल के उपकरणों और सुविधाओं की सूची, अस्पताल की वित्तीय जानकारी।

कंडरापारा में हुए हत्या का आरोपी गिरफ्तार

# दोस्त की हत्या कर दो दिन जंगल में छिपा रहा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांस लेने के लिए सुबह के समय ना उठने की बात करने पर आक्रोशित आरोपी ने युवक पर बांस के डंडे से हमला कर हत्या कर दिया था। इस घटना के बाद मौके से आरोपी फरार होकर दो दिन तक जंगल में छिपा रहा। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके विरूद्ध कार्रवाई की गई है।



पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 मई को प्रार्थी मिथुन यादव ने रिपोर्ट काराया कि वह अपने दोस्त संजय उईके के साथ बाजार मछली लेने गया था। जिसके बाद मिथुन, शंकर और संजय कंडरापार में गुटखा खाने जा रहे थे, तभी सतीश कुरसुंधे के घर पास से गुजरे तो संजय व राहुल वरकडे भी बैठा था। इस दौरान सतीश बोला कि तेरे को सुबह बांस लेने के लिए उठाते हैं तो तू क्यों नहीं उठता है, तब सतीश गुस्से में गाली दिया कि अब देखता हूं, तब राहुल गाली देने से मना किया। जिसके बाद संजय उईके भी गाली देने मना किया।

उसके बाद हम तीनों मुकुद के घर के पास मोड़ पर पहुंचे थे कि रात्रि करीबन 9 बजे सतीश अपने हाथ में

⏩ शेष पेज 14 पर

**घेराबंदी कर पकड़ा** : इस मामले में डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल टीम द्वारा आरोपी सतीश को, जो अरोरा मिल के सामने अटल अवास डोंगरगढ़ में जाकर छुपा था, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त डंडा के बारे में पूछने पर बताया कि अरोरा मिल के सामने अटल अवास से बांस का डंडा को पुलिस द्वारा जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार घटना के बाद आरोपी दो दिन जंगल में छिपा रहा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

करवारी फार्म हाऊस में नकली होलोग्राम और स्टीकर मिलने पर शासन ने की कार्रवाई

# अवैध शराब बाटलिंग यूनिट मामले में सब इंस्पेक्टर सस्पेंड, राठौर को नोटिस


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी फार्म हाउस में साढ़े चार सौ पेटी अवैध शराब बरामद होने के साथ ही अवैध बाटलिंग यूनिट का पर्दाफाश होने के बाद राज्य के आबकारी महकमे ने आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी संदीप सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 29 मार्च को डोंगरगढ़ पुलिस ने थाना से महज पांच किलोमीटर दूर करवारी लतमर्रा के कच्चे रास्ते में स्थित सोनू नेताम के फार्म हाउस में दबिश देकर करीब साढ़े चार सौ पेटी अवैध शराब जब्त की थी।

फार्म हाउस की तलाशी के दौरान एक तलघर के नीचे अवैध बाटलिंग यूनिट का भी पर्दाफाश पुलिस ने किया था। पुलिस ने मौके पर नकली होलोग्राम और स्टीकर के साथ-साथ खाली बोतलें भी बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में अभी तक करीब 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे प्रकरण में आबकारी अमले की मिलीभगत भी सामने आई है। यही कारण है कि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देश के बाद आबकारी विभाग ने आज डोंगरगढ़ में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग में अटैच किया गया है।



### लापरवाही उजागर

आबकारी आयुक्त ने इस मामले में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संदीप सहारे को नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उनके प्रभार क्षेत्र में अवैध मदिरा, स्टीकर और नकली होलोग्राम बरामद किया गया है। इससे लापरवाही और उदासीनता सामने आई है। आयुक्त ने मामले में श्री सहारे से एक हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है।

### एईसी को नोटिस

आबकारी महकमे ने अवैध शराब की तस्करी और अवैध बाटलिंग यूनिट के पर्दाफाश होने के मामले में सहायक आयुक्त आबकारी रहे यदुनंदन राठौर का तबादला कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके प्रभार क्षेत्र में अवैध शराब, स्टीकर , होलोग्राम जब्त किया जाना आपके शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता का द्योतक है।

### खैरागढ़ प्रकरण में कार्रवाई नहीं

पिछले दिनों खैरागढ़ के मुड़ीपार और रौंदा गांव में अवैध शराब की बाटलिंग यूनिट का खुलासा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई भी की है। खैरागढ़ आबकारी विभाग ने पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब की न तो जांच की और न ही अवैध शराब के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कोई पहल की। आबकारी आयुक्त ने इस मामले में खैरागढ़ के अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

### ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं

पुलिस ने इस मामले में भले ही लगभग बीस आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन अवैध शराब के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने में पुलिस को सफलता हासिल नहीं हुई है। मामले में इंदौर से यह कंटेनर के जरिये शराब की सप्लाई का खुलासा हो गया है, लेकिन आज पर्यन्त तक ठेकेदार को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मामले को रफा दफा करने की भी कोशिशे शुरू हो गई है।

### माय एंगल









## खबर संक्षेप

### शराबखोरी से बढ़ रहे अपराध

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में लगातार अपराधिक घटनाएं हो रही है। अब तक हत्या की तीन घटनाएं हो चुकी है। शशांक उपाध्याय ने बताया कि हत्या की घटनाओं का मुख्य कारण शराबखोरी सामने आ रहा है। अपराध बढ़ने के बाद भी आबकारी विभाग शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के बजाए शांत बैठा है। उन्होंने बताया कि शराब दुकान से शराब की खेप निकल कर शहर और कोचियों तक पहुंच रही है। सवाल यह है कि आखिर कोचियों को शराब दुकान से बड़ी मात्रा में शराब मिल कैसे रही है? दूसरे राज्य की शराब को पकड़ने में विभाग नाकाम साबित हो रहा है। आबकारी विभाग कार्यवाही के नाम पर दो चार बोतल जब्त कर खानापूर्ति कर रहा है जबकि 400 पेटी एमपी निर्मित शराब करवारी तक पहुंच गई थी।

### ग्रामसभा का खाता वन समिति के नाम से खोला

**बांधाबाजार।** वन अधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 संशोधित अधिनियम 2012 के तहत नवगठित जिला की अनेक बैंक शाखाओं में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के नाम से खाता खोला गया है। अधिनियम के तहत गांव को उनके पारंपरिक वन सीमा क्षेत्र का ग्रामसभा के नाम से सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र मिला है जिससे बैंक खाता भी ग्राम सभा के नाम से ही खोला गया जाना है। राज्य प्रशासन ने भी खाता ग्रामसभा के नाम से खोलने का निर्देश जारी किया है। पंजाब नेशनल बैंक अंबागढ़ चौकी और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कौड़ीकसा में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के नाम से खाता खोला गया है जो विधि मान्य नहीं हैं।

### अस्पताल शहर से दूर, बढ़ी परेशानी

**डोंगरगढ़।** शहर के स्वास्थ्य केन्द्र को बंद कर अब उसका संचालन ग्राम पंचायत अछोली में किया जा रहा है। शहर से दूर अस्पताल होने के कारण शहरवासियों को असुविधा हो रही है जिसे देखते हुए पुराने अस्पताल भवन में पुनः ओपीडी खोलकर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठ है। बताया जा रहा है कि शहर से दुर अस्पताल होने कारण लोगों को प्रायवेट डॉक्टरो से महंगा इलाज कराना पड़ रहा है। वहीं झोलाछाप डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में अब आयुर्वेदिक इलाज किया जा रहा है। शाम 5 से 6 बजे के बाद जब परिसर सूना हो जाता है तो यहां अपराधिक प्रवृति के लोगो का जमावड़ा लग जाता है। अस्पताल परिसर गजेड़ी और शराबियों का अडडा बनते जा रहा है।

### प्राण प्रतिष्ठा और उदघाटन 12 को

**छुरिया।** भोलापुर में कर्मा मंदिर का उद्घाटन, मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 12 मई को किया जाएगा। यह आयोजन परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर एवं ग्रामीण साहू समाज भोलापुर के तत्वाधान में रखा गया है। आयोजन के तहत आगामी 11मई को शोभा यात्रा मां कर्मा भवन भोलापुर से निकाला जाएगा।

आगामी 12 मई को सुबह 9 बजे से मां कर्मा मूर्ति स्थापना प्रारंभ होगी। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू होंगे। अध्यक्षता विधायक दलेश्वर साहू करेंगे। विशेष अतिथि भागवत साहू, नीलमणी साहू, कमलकिशोर साहू, छन्नी चंदू साहू, किरण वैष्णव, गीता साहू, भुनेश्वर साहू, ज्ञानचंद साहू, संजय सिन्हा, चुरामन साहू होंगे। आयोजकों ने सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### त्वचा रोग उपचार की सुविधा उपलब्ध

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में आगामी 8 मई से माह के दूसरे गुरूवार को त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंधा गांधी प्रातः 9 से 11 बजे तक अपनी सेवाएं देंगी। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने नागरिकों से सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

### देशभर के लोग पहुंचते हैं मंडीपखोल गुफा देखने

# गुफा की ख्याति बढ़ी पर सुविधाओं का बहुत अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



मंडीप खोल गुफा एशिया की दूसरी सबसे बड़ी गुफा है। इस गुफा की लंबाई और चौड़ाई की वास्तविक जानकारी अब तक ज्ञात नहीं किया जा सका है। गुफा के अंदर कुछ कदम की दूरी तय करने पर पूरा नजारा बदल जाता है। अंदर अंधेरा इतना रहता है कि हाथ को हाथ न सूझे। गुफा की ख्याति अब विदेशों तक जा पहुंची है यही कारण है कि महज एक दिन के लिए खोले जाने वाली मंडीप खोल गुफा में सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक एक लाख से अधिक की संख्या में लोग देश के विभिन्न राज्य और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से देखने पहुंचते है। उबड़ खाबड़ सड़के और एक नदी को अलग अलग स्थानों से 16 बार पार करने के बाद गुफा तक पहुंचना लोगों को काफी रोमांचित करता है।

#### गुफा के अंदर रोमांचकारी सफर

मंडीप खोल में तीन गुफाएं है जिसके अलग अलग रास्ते है। जानकर बताते है कि दो रास्ते संभवतः आपस में जुड़े है। तीसरा रास्ता का आपस मे जुड़े होने की जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। मंडीप खोल गुफा का मुख्य द्वार दो हिस्सों में बंटा है वह भी बिलकुल आसपास में परंतु सही क्रियान्वयन के कारण भीड़ दोनों ही गुफा से एक साथ आना जाना करती है जिसके कारण अव्यवस्था हर वर्ष देखने मिलता है जबकि उक्त मुख्य गुफा के एक हिस्से में जाने और दूसरे हिस्से से निकलने का व्यवस्था बना कर भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। गुफा के अंदर जाने और बाहर निकलने के लिए मार्किंग किया जा सकता है।

#### परेशान करते हैं असामाजिक तत्व

जानकारी के अनुसार असामाजिक तत्व ग्रुप बनाकर मंडीप खोल गुफा जाते है और नशे की हालत में आपस मे लड़ाने के साथ गाली गलौच करते है जिसके कारण परिवार के साथ जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। इस तरह घटना क्षेत्र की बदनामी का कारण बन रही है। इस वर्ष बहुतेरे असामाजिक तत्वों ने शराब और गाजे का सेवन कर रखा था जिसके कारण गुफा देखने जाने वाली युवतियों एवं अन्य का खासा परेशान होना पड़ा।

#### मधुमक्खी से खतरा



बीते दो वर्षों में मधुमक्खी का खतरा मंडीप खोल के आसपास बढ़ने लगा है जिसके कारण बहुत से लोग उनके शिकार बन जाते है। इस वर्ष मधुमक्क्खियों ने हमला कर दिया था। जानकारों की माने तो मधुमक्खी तभी हमला करती है जब उनके छत्ते पर पत्थर मारा जाए या बहुत सुगंधित खाद्य समान जैसे घी आदि का उपयोग किया जाए। इस वर्ष मधुमक्खी ने लोगो पर हमला लगभग शाम 4 बजे किया जबकि खाना बनाने और खाने का दौर सुबह 10 बजे से आरंभ हो गया था। लोगों ने बताया कि नशे की हालत में असामाजिक तत्वों ने मधुमख्खियों के छातो के साथ छेड़छाड़ किया था जिसका खामियाजा अन्य को भुगतना पड़ा।

#### सुरक्षा इंतजाम जरूरी

बता दे एक लाख से अधिक लोग गुफा देखने पहुंचते है उसे हिसाब से सुरक्षा और चिकित्सा सुविधा का अभाव देखने मिला।चकनार निवासी प्रीतम पांडे, खैरागढ़ टेकापार के जीवनसिंग राजपूत, राजनाँदगांव के राजूसिंह राजपूत, खैरा नवापारा के रामप्रसाद वर्मा, तीरथ वर्मा, नूतन वर्मा, उड़ीसा के मन्नू यादव, संडी पंडरिया के अजय कारपेंटर, नेतराम जंघेल, रोशन वर्मा, खिलेश वर्मा, गंडई के मुकेश पटेल, अनिल जैन, गोल्डी अग्रवाल, भुरभुसी के रेखचंद साहू ने बताया कि भीड़ के अनुपात में पुलिस बल बहुत कम था। चिकित्सा सुविधा भी पर्याप्त नहीं थी। मंडीप खोल गुफा पहुंचने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए यहां पुलिस बल की तैनाती के साथ कुछ जगहों पर पुलिस सहायता केंद्र बनाया जाना चाहिए। गुफा के पास और मुख्य सड़क से गुफा तक जाने वाले मार्ग पर दो पुलिस सहायता केंद्र एवं चिकित्सा केंद्र बनाया जाना चाहिए था। पुलिस सहायता केंद्र होने से असामाजिक तत्वों बेजा हरकत नहीं कर पाते और महिलाएं सुरक्षित महसूस करती।



# आंधी से कई हेक्टेयर फसल तबाह

**सड़क अतरिया।** बारिश और तेज आंधी से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। केला, पपीता, आम सहित अन्य फसल पूरी तरह तहस नहस हो गई है।

ओटेबंद, खपरी दरबार, पद्मावतीपुर, देवपुरा आदि गांव के किसानों ने बताया कि बड़े रकबे में लाखों रूपए खर्च कर केला, पपीता का फसल लगाया गया था। पेड़ों में फल आना शुरू हो गया था। तेज आंधी ने फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। कुछ किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर बोआई किया था। आमदनी होने के पहले फसल तबाह होने से अब चुकाने की चिंता सता रही है। ओटेबंद के कामदेव जंघेल ने बताया कि प्रकृति के रौद्र रूप ने किसानों को सड़क पर ला दिया है। महंगे बीज, खाद, दवाई पर लाखों रूपए खर्च फसल तैयार किया था, जो आंधी से चौपट हो गई है। किसानों ने सरकार से स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुआवजा देने की मांग की है।

# नौकरी लगाने 12 लाख की ठगी, आरोपी रायपुर का

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई पंडरिया। मोहगांव पुलिस ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 12 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी चंदन विश्वास रायपुर का निवासी है। सहयोगी के रूप में रमेश कुमार देवांगन निवासी पैलीमेटा को नामजद किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त शिकायत पत्र के अनुसार रमेश कुमार देवांगन ने बताया कि 2022 के उपचुनाव के दौरान उसकी मुलाकात चंदन विश्वास से हुई थी। चंदन विश्वास ने मंत्रालय में अपनी पैठ बताकर चपरासी, नर्स, वार्ड बॉय, न्यायालय और मंत्रालय में कंप्यूटर ऑपरेटर, फॉरेस्ट गार्ड जैसे पदों पर नौकरी दिलाने का दावा किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार चंदन विश्वास ने पहले उसके परिचित कमलेश वर्मा से नौकरी दिलाने 3 लाख लिए। इसके बाद उसने और भी लोगों से 3-3 लाख मांगे। चंदन ने 10 अभ्यर्थियों से कुल 13 लाख 50 हजार लिया था। उसने 9 लाख 50 हजार रुपये नकद और 4 लाख खाते में जमा कराया था।

#### 12 लाख हड़पा

जांच में यह तथ्य सामने आया कि चंदन विश्वास ने ठगी की रकम में से केवल 1 लाख रमेश देवांगन और 50 हजार अभ्यर्थी उत्तम सिन्हा को वापस किया था। शेष 12 लाख स्वयं हड़प लिया। किसी भी अभ्यर्थी को नौकरी नहीं मिली। मोहगांव थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद चंदन विश्वास और रमेश कुमार देवांगन के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। रमेश कुमार देवांगन को मामले में सह आरोपी बनाया गया है।

# खबर का असरः तहसील आफिस में पानी का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

भीषण गर्मी के दौर में तहसील कार्यालय में पेयजल का इंतजाम नहीं होने को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते प्रशासन ने अब इंतजाम कर दिया है। गत दिनों हरिभूमि ने तहसील कार्यालय में गहराया जल संकट,परेशानी बढ़ी शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद तहसील कार्यालय के किचन रूम में फ्रीजर रख कर उसे पेयजल रूम बनाया गया है। वहीं हाल में मिट्टी का घड़ा रखा गया है। पेयजल व्यवस्था के होने से तहसील कार्यालय में आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।



#### जल्द बेहतर व्यवस्था

अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर ने पर बताया कि पेयजल व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया था। जल्द ही और बेहतर व्यवस्था किया जाएगा।

#### हो रही लोगों को परेशानी

उल्लेखनीय है कि तहसील कार्यालय में अंचल के लोग राजस्व एवं अन्य कार्यों को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। कार्यालय में पेयजल का इंतजाम नहीं होने से दूर दराज गांव से आने वाले ग्रामीणों को प्यास बुझाने के लिए यहां वहां भटकना पड़ता था।

# पुरानी रंजिश के चलते फल दुकानदारों में हिंसक झड़प, मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई बस स्टैंड में फल दुकान की जगह को लेकर पुराने विवाद के चलते दो दुकानदारों के गुटों में हिंसक झड़प हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पहले पक्ष के शिकायतकर्ता मानदास बघेल निवासी रामपारा ने पुलिस को बताया कि बस स्टैंड में उसकी फल की दुकान है। जिसे वह और उनका बेटा विकास बघेल चलाते हैं। उनकी दुकान के बगल में अकमल सिद्दकी की फल दुकान है, जिसे उसके बेटे फुजैल सिद्दकी और शारिब सिद्दकी चलाते हैं। मानदास ने बताया कि पूर्व में दुकान की जगह को लेकर उनके बेटे विकास का फुजैल और शारिब से विवाद और मारपीट हुई थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस वजह से अकमल सिद्दकी और उसके बेटे रंजिश रखते हैं।जानकारी के अनुसार गत 5 मई की रात करीब 8 बजे बीरबल के ठेले में जीवनदास रात्रे चिकन चिल्ली खाकर पानी पी रहा था, इसी दौरान धोखे से उसकी कोहनी शारिब सिद्दकी को लग गई जिसके बाद शारिब ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दिया। मानदास का बेटा विकास बघेल बीच-बचाव करने गया, तो पुरानी रंजिश के चलते फुजैल, शारिब और अकमल सिद्दकी ने विकास को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि फुजैल ने दुकान में रखी कैंची, शारिब ने चाकू और अकमल ने लाठी-डंडे से विकास पर हमला किया, जिससे उसके सिर, दोनों हाथ, पीठ और सीने में चोटें आई हैं।

#### दोनों पक्ष पहुंचे थाना

वहीं शिकायतकर्ता शारिब सिद्धकी निवासी वार्ड 7 ने अपनी शिकायत में बताया कि बस स्टैंड पर उसके पिता अकमल सिद्धकी की फल दुकान है। जिसे वह और उसका बड़ा भाई फुजैल और पिता चलाते हैं। दुकान के बगल में मानदास बघेल की दुकान और दूसरी तरफ बिरबल का चिकन ठेला है। शारिब ने बताया कि पिछले साल दुकान की जगह को लेकर विकास बघेल ने उससे और भाई फुजैल के साथ मारपीट किया था। शारिब के अनुसार 5 मई को जीवनदास रात्रे ने पीछे से आकर धक्का दिया। जब उसने विरोध किया तो विकास बघेल डंडा लेकर दौड़ा और उसे और उसके भाई फुजैल से मारपीट करने लगा। इस दौरान मानदास बघेल भी आ गया और दोनों मिलकर फुजैल के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे, जिससे फुजैल के सिर, पीठ, दोनों हाथ और पैरों में चोटें आईं। शारिब ने यह भी आरोप लगाया कि उसे सिर और दाहिने हाथ में चोट लगी है।

#### पुलिस विवेचना शुरू

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर काउंटर केश दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। चश्मदीदों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# नपं से कम्प्यूटर चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- महत्वपूर्ण डाटा संग्रहित है कम्प्यूटर में
- पहले भी हो चुकी चोरी

नगर पंचायत गंडई के राजस्व विभाग से एक कम्प्यूटर सेट चोरी हो गया है। घटना के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया है क्योंकि कम्प्यूटर में राजस्व विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां संग्रहित थ्थी। सीएमओ अविनाश देवांगन ने सोमवार को थाने में शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। सीएमओ ने बताया कि 3 मई को शाम 7 बजे तक कम्प्यूटर सेट राजस्व कक्ष में रखा था। दूसरे दिन 4 मई को कार्यालय बंद होने से कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। कार्यालय में रात को चौकीदार के रूप में विजय कश्यप नामक प्लेसमेंट कर्मचारी की प्रतिदिन ड्यूटी लगाई जाती है। जब उससे इस संबंध में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह रात्रि में ताला लगाकर सोया था। राजस्व विभाग के प्रभारी कमल किशोर नेताम ने 5 मई को कार्यालय पहुंच कर देखा तो कम्प्यूटर सेट नहीं था। उन्होंने कम्प्यूटर शाखा सहित अन्य शाखाओं में पता किया लेकिन कम्प्यूटर की जानकारी मिलने पर सीएमओ को घटना की सूचना दी। सीएमओ श्री देवांगन ने लगभग दो घंटे तक छानबीन करने के बाद थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया है।

#### चोर कर चुके केबल की चोरी

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 20 अप्रैल को नगर पंचायत के बोर के मोटर पंप का केबल काटकर चोरी कर लिया गया था, जिसकी कीमत लगभग 24 हजार थी। चोरी की सूचना 21 अप्रैल को थाने में दी गई थी। चोरी का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है।

### शिविर में अव्यवस्था

**डोंगरगढ़।** सुशासन तिहार के तहत शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका ने कृषि उपज मंडी तथा जनपद पंचायत ने ग्राम पंचायत मोहारा में शिविर का आयोजन किया था। दोनो जानकारी के अभाव में शिविर में लोगों की मौजूदगी कम रही वहीं कई विभाग की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही है। ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले शिविर की जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी नहीं थी। कई विभाग के अधिकारी मोहारा शिविर में शामिल होने के बजाए शहर के शिविर में मौजूद रहे। इस मामले में जनपद के सीईओ से मोहारा शिविर में बरती गयी लापरवाही पर चर्चा किया गया तो उन्होंने नियमतः शिविर लगाने की बात कहा।

### परीक्षा परिणाम की घोषणा

# भव्या, सुषमा और सौम्या प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव




स्थानीय सीजी पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 5वीं एवं 8वीं परीक्षा के परिणाम 6 मई को घोषित किया गया। संस्था के शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त किया है। इस मौके पर प्राचार्य एजाज अली हाशमी एवं अतिथियों ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रगति पत्रक से सम्मानित किया।

हिन्दी माध्यम कक्षा 5वी में भाव्या श्यामकर प्रथम, समीर कोठारी द्वितीय, लोकेन्द्र देवांगन तृतीय, कक्षा 8 वीं में सुषमा शेंडे प्रथम, खुशबू साहू, खुशी मालेकर, प्रिंसी रगड़े द्वितीय, टोयम साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम क्लास 5 में सौम्या साहू प्रथम, सिद्धी सिंह द्वितीय, अराध्या जैन तृतीय रही।

क्लास 8 में शिवांगी गौतम प्रथम, लोकेश कुमार साहू द्वितीय, फय्याज अली हाशमी तृतीय रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए संस्था के छात्र भावेश जैन आ चन्द्रकुमार जैन का चयन हुआ है। उसे प्राचार्य ने मेडल और मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया। सभी सफल छात्र- छात्राओं को प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी ने बधाई दी है। परिणाम घोषणा के दौरान पीआर ठाकुर, सुकालसिंह साहू, प्रकाश यादव, सबा हाशमी, प्रणव सारस्वत, प्रकाश साहू, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, माधुरी कसेर, विनिता पटेल, सुरूचि सोनकर, ललिता भारती, अंजली गुप्ता, पूजा यादव, पार्वती साहू आदि उपस्थित थे।


HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### 12 से संस्कारों की पाठशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 12 से 16 वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिए समर कैंप संस्कारों की पाठशाला का आयोजन लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र वरदान भवन में किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है। इस समर कैंप का शुभारंभ 12 मई को सुबह 9 बजे होगा। यह शिविर 16 मई तक चलेगा। जिसका समय प्रतिदिन 9 से 10.30 बजे तक रहेगा । इसमें शहर के 12 से 16 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते। उक्त जानकारी सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दी।

### 13 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**राजनांदगांव।** जिला चिकित्सालय बसंतपुर राजनांदगांव के 200 बिस्तर अस्पताल (100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल) में अंतःरोगी विभाग में भर्ती विभिन्न मरीजों के सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच हेतु स्थानीय सभी डायग्नोस्टिक केन्द्रों से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक सेवा प्रदायी डायग्नोस्टिक केन्द्र 13 मई 2025 तक अपना प्रस्ताव कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 55 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से 55 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 मई को डोंगरगढ़ पुलिस को आरोपी मोहित मालेकर उर्फ मोन्टू नामक व्यक्ति चौथना मोड के पास शराब अत्याधिक मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है कि सूचना मिली थी।

**शोले प्लेन देशी बरामद-** सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई किया, जहां पुलिस को आते देख व्यक्ति अपने पास रखे थैले को लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे नाम पूछने पर अपना नाम मोहित उर्फ मोंटू बताया। आरोपी के पास रखे थैले में 55 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब कीमती 4400 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

पृष्ठ 11 का शेष

### दोस्त की हत्या...

डंडा पकड़कर आया और अचानक तू ज्यादा होशियर मत बन कहकर डंडे से संजय उईके के बांये गर्दन पर जोरदार वार कर दिया। जिससे मौके पर वह बेहोश हो गया। जिसके बाद मिथुन यादव बोला क्यों मार रहा है, बोलने पर थोड़ी दूर ले जाकर डंडा से मिथुन के बांये पैर में जोरदार वार कर दिया। जिससे मिथुन के घुटने में सूजन हो गया। जिसके बाद संजय उईके को मौके पर से हास्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा-103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी-सफाई देखने पहुंचे महापौर

# पेयजल प्रभावित क्षेत्र में लगेगी टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव मूलभूत सुविधा बिजली, पानी सफाई का हाल जानने वार्डों में दस्तक दे रहे हैं। आज उनके द्वारा वार्ड नं. 7 व 8 के मोतीपुर, रामनगर एवं खंडेलवाल कालोनी में सुबह पैदल घूम लोगों से रूबरू हो पानी व सफाई के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आरके नगर गार्डन, पुष्पवाटिका एवं नेहरू उद्यान का उनके संवर्धन के लिए निरीक्षण किया।

महापौर यादव मोतीपुर, रामनगर व खंडेलवाल कलोनी में सुबह पहुंच वहां के रहवासियों से मिलकर बिजली, पानी व सफाई के संबंध में चर्चा की। महिलाओं ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में कम पानी आता है। वहीं साफ-सफाई कराने की बात कही। महापौर ने कहा कि इस वर्ष नदी का जल स्तर कम होने पर पानी की थोड़ी समस्या है।



#### बंद बोरिंग का किया जाएगा मरम्मत

दो-तीन दिनों से आंधी-तूफान के कारण बिजली सप्लाई बाधित होने पर टंकी भरने में परेशानी हो रही है। जिससे पानी सप्लाई प्रभावित हो रही है। इसका समाधान किया जा रहा है। बंद बोरिंग को देख उन्होंने कहा कि इसका मरम्मत कराकर चालू कराया जाएगा। साथ ही पेयजल प्रभावित क्षेत्र में सिंटेक्स टंकी लगाई जाएगी। उन्होंने नाली की सफाई कराने तथा नाली का ढाल ठीक कराने संबंधित को निर्देशित किया।

#### 8 को चिखली स्कूल में समाधान शिविर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में समस्या संबंधी प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में समाधान के पश्चात आवेदकों की समस्याओं का समाधान बताने तृतीय चरण में वार्डों में 5 से 31 मई तक सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि 8 मई को वार्ड नं. 5, 6, 9, 10, 11, 12 व 13 के लिए चिखली स्कूल में सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिए हैं, उनका समाधान बताया जाएगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने उपरोक्त 7 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान जान, शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

#### उद्यानों में मरम्मत की आवश्यकता

उद्यानों के संवर्धन के लिए महापौर यादव आरके नगर गार्डन, पुष्पवाटिका एवं नेहरू उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने आरके नगर गार्डन में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा कर कहा कि उद्यान की नियमित सफाई करें तथा गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में घास एवं पेड पौधों में पानी डाले। उन्होंने पुष्पवाटिका एवं नेहरू उद्यान देख कहा कि पुराना होने के कारण उद्यानों में मरम्मत की आवश्यकता है। इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर मरम्मत कराया जाएगा। साथ ही खेल उपकरण व्यवस्थित करने के साथ-साथ अन्य आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

## उप मुख्यमंत्री साव ने योजनाओं की दी जानकारी

- महापौर, आयुक्त व महापौर परिषद के सदस्य कार्यशाला में बने सहभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकाय के जन प्रतिनिधियों के लिए रायपुर में दो दिवसीय प्रभोधन कार्यशाला नगर सुराज संगम 5 व 6 मई को आयोजित किया गया।

कार्यशाला का 5 मई को उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरूण साव ने विधिवत शुभारंभ किया। पहले दिन नगर निगमों के महापौर, आयुक्त, अध्यक्ष एवं महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य कार्यशाला में उपस्थित रहे, जिन्हें उप मुख्यंमत्री साव ने नगरीय निकायों के लिए आगामी 5 वर्षों के विजन प्रस्तुत कर शासन की योजनाओं एवं निगम प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में महापौर मधुसूदन यादव, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित महापौर परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

## घर से नगदी व आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर के लोग रात में परछी में सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर में प्रवेश किए और सूटकेस का ताला तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम एवं आभूषण चोरी कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दतरेंगाटोला के एक घर में गत रात्रि अज्ञात चोर घुसे और सूटकेस का ताला तोड़कर उसमें रखे 49500 रुपए एवं 1 जोड़ी सोने का खिनवा चोरी कर लिए। वहीं घर का सामान बिखरा दिए।

इस दौरान घर के लोग परछी में सोये हुए थे। सुबह जब उठकर देखे तो चोरी की घटना का पता चला। घटना की रिपोर्ट प्रार्थिया ने दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# हरे सोने की गड्डी में 50 से ज्यादा पत्ते डीएफओ ने दबिश देकर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में तेंदूपत्ते की तोड़ाई के शुरू होने के साथ ही ठेकेदारों द्वारा गड़बड़ी किए जाने की आशंका के बीच डीएफओ आयुष जैन ने फड़ो का निरीक्षण कर गड्डियों की जांच पड़ताल की। उन्होंने ठेकेदार और विभागीय अमले को साफ तौर पर कहा है कि यदि गड्डियों में निर्धारित पचास पत्ते से अधिक यदि संग्रहित किया गया तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में पिछले एक मई से तेंदूपत्ते की तोड़ाई का काम शुरू हुआ है। जिले में 88 हजार मानक बोरा पत्ते की तोड़ाई किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ठेकेदारों द्वारा हर साल फड में गड्डियों में पचास से अधिक पत्ते संग्रहित किए जाने की





शिकायतें सामने आती रही है। यही कारण है कि डीएफओ आयुष जैन ने अब फड़ो में दबिश देकर इसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि छुरियाकला और खोभा फड़ में पहुंचकर गड्डियों में पत्ते की गिनती कराई गई, जहां कुछ गड़डियों में 50 से अधिक पत्ते मिले जिस पर डीएफओ ने फड मुंशी को फटकार लगाई। सूत्रों ने बताया कि डीएफओ ने ठेकेदारों और विभागीय अमले को साफ तौर पर कहा है यदि तोड़ाई और संग्रहण में यदि लापरवाही या गड़बड़ी की गई तो वे कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### आरटीई की सीट बढ़ी फिर भी आवेदन आए कम, आत्मानंद का रंग भी फीका

# आरटीई की 1901 सीटों के लिए 3038 दावेदार आत्मानंद में प्रवेश पाने महज दोगुने आवेदन


- लाटरी पद्धति से राजनांदगांव जिले के विद्यार्थियों का चयन
- आत्मानंद स्कूलों में इस बार अपेक्षा से कम आए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नए सत्र में दाखिले के लिए स्कूलों में प्रवेश का दौर शुरू हो चुका है। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाई के लिए आरटीई एक बड़ा सहारा है। यही कारण है कि हर साल बड़ी संख्या में आवेदन पहुंचते हैं, लेकिन इस बार ऐसा देखने को नहीं मिला है। आलम यह है कि पिछले साल के मुकाबले सीटों की संख्या में वृद्धि होने के बावजूद आवेदन के आंकड़े घटे हैं। वहीं हर साल सीट के मुकाबले तीन से चार गुना आवेदन वाले आत्मानंद स्कूलों में भी इस बार महज दोगुने आवेदन ही जमा हुए हैं।

ज्ञात हो कि शिक्षा के अधिकार के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के निजी स्कूलों में दाखिले के लिए इस बार शिक्षा महकमे में पिछले सालों की तुलना में कम आवेदन आए हैं। जिले की 1901 सीटों के लिए 4227 पालकों ने अपने बच्चों के लिए आवेदन जमा किया था। जिसमें जांच पड़ताल के बाद 3038 दावेदार शेष रह गए हैं। राज्य शासन के शिक्षा महकमे ने प्रवेश के लिए लाटरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वहीं जिले की 9 आत्मानंद स्कूलों में 450 सीटों के लिए 1029 आवेदन आए हैं।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिला पाने के लिए 4227 पालकों ने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की थी। जिसमें 18 आवेदन रिपीट होने के कारण निरस्त कर दिए गए। वहीं 433 आवेदन अपूर्ण पाए गए। शिक्षा विभाग ने 738 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया है। 3038 आवेदनों को प्रवेश की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। जिले में 1901 सीट निर्धारित है। जिसमें लाटरी पद्धति से बच्चों का प्रवेश किया जाएगा। शिक्षा महकमे ने लाटरी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एक-दो दिनों के भीतर इस पूरी प्रक्रिया के निपटने की संभावना जताई जा रही है।




#### शहर में आवेदन अधिक

ज्ञात हो कि जिले की सभी 9 आत्मानंद स्कूलों में पहली कक्षा की 50 सीटों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। इनमें शहर में स्थित सर्वेश्वरदास स्कूल में 50 सीट के लिए 228, बख्शी स्कूल में 50 सीट के लिए 178, डोंगरगांव स्थित आत्मानंद स्कूल में 187, सुकुलदैहान में 134, छुरिया में 65, डोंगरगढ़ में 68, घुमका में 50, भर्रेगांव में 56 एवं एलबी नगर आत्मानंद स्कूल के लिए 78 आवेदन जमा हुए हैं।

#### 1462 बच्चों को आबंटन नहीं

आरटीई अंतर्गत 4227 आवेदनों में से 1576 बच्चों का चयन लॉटरी पद्धति के माध्यम से हुआ है। 1462 बच्चों को आबंटन नहीं हुआ है। इनको द्वितीय चरण के लिए आवेदन में संशोधन किया जाएगा।

## जंगल में सजा था जुआ का फड़ पुलिस की दबिश, पांच पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

गांव पाटा के जंगल में आम पेड़ के नीचे बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस की दबिश से जुआ खेल रहे लोगों में हडकंप मच गया था। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को पकड़ा। जिनसे ताश पत्ती एवं नगदी रकम बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 मई को थाना छुईखदान पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम पाटा जंगल में आम झाड़ नीचे जुआ रेड कार्रवाई किया गया।

#### नगदी सहित 8 बाइक जब्त

पुलिस के अनुसार आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं कुल नगदी रकम 17800 रुपए, 8 नग मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 03 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की जांच किया जा रहा है।

#### आरोपियों पर कार्रवाई

मौके पर आरोपी ढालसिंह सिन्हा पिता घनसुराम 52 साल निवासी विक्रमपुर, भोजराम कंवर पिता सहदेव 40 साल निवासी पाटा, प्रहलाद कंवर पिता बुधारू 42 साल निवासी गातापर नाका, जागृत साहू पिता बहादुर 37 वर्ष निवासी सिंगारघाट, रामचंद साहू पिता गंभीर 52 साल निवासी कुम्हि को सार्वजनिक स्थान में ताश पत्ती से रुपए का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पकड़ा गया।

## पिकअप में ठूंस-ठूंस कर मवेशी ले जाते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धरपकड़ अभियान के तहत पशुओं को पिकअप वाहन में भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाते आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबागढ़ चौकी राजीव गांधी चौक में मवेशियों को कत्लखाना महाराष्ट्र की ओर ले जाते हुए 5 नग गाय एवं बछिया को आरोपियों द्वारा निर्दयतापूर्वक बिना चारा-पानी के पिकअप वाहन में भरकर महाराष्ट्र कत्लखाना की ओर ले जा रहे थे, जिसे रंगे हाथ पकड़कर 5 नग मवेशियों के साथ आरोपी कल्याण सिंह कृषाण 44 साल ग्राम घुपसाल, रूपेश पटेल 30 साल ग्राम घोरदा के कब्जे से जब्त कर गिरफ्तार कर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004, धारा 11 (1) घ



पशुक्रूरता अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम 66/192 के तहत अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया एवं जब्तशुदा मवेशियों को गौशाला भेजा गया।

मामला अजमानतीय होने से आरोपियों को न्यायालय में पेशकर ज्यूडिशियल रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस के अनुसार अपराधों पर नियंत्रण करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस गश्त पेट्रोलिंग तथा अपराधियों की धरपकड़ लगातार जारी रहेगी।

# विचारपुर नवागांव में समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार अंतर्गत मंगलवार को डोंगरगांव के ग्राम विचारपुर नवागांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे शामिल थे। ग्राम नवागांव, टप्पा, तेंदूनाला, तिलईरवार, सांगिरकछार, खम्हेरा, कोहका, ओड़ारबांधा, ढाबा से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने नन्हे बच्चों का अन्नप्रासन्न किया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर एवं जनप्रनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्यमयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में 2229 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें 2224 आवेदनों का निराकरण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का



निराकरण कर रहे हैं। खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंदों को चावल मिल रहा है। शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया गया, ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन बैंक खाता, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरगामी सोच से छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि 95 प्रतिशत हितग्राही योजना का लाभ ले रहे हैं, लेकिन अभी भी कुछ पात्र हितग्राहियों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन योजना के लिए भी मांग आई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आगामी जनगणना में नाम जुडने पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को शासन की योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने पेयजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को नक्शा, बटांकन एवं अन्य दस्तावेज प्रदान करने के लिए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राही शासन की किसी योजना का लाभ लेने के लिए कलेक्टोरेट में सोमवार, मंगलवार एवं गुरूवार को आकर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बनवा सकते हैं तथा समाधान शिविर में अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वहीं आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया।

#### समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है तथा जनमानस की समस्याओं प्राथमिकता से का निराकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिले में इस वर्ष 70 हजार आवास की मांग है। वहीं 30 हजार आवास इस वर्ष स्वीकृत किए गए हैं। शेष 40 हजार आवास शेष रह गए हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस सर्वे में भी 40 से 50 हजार लोगों ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास के लिए शामिल हुए हैं। आवास की स्वीकृति पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान मिलने तक जारी रहेगी। इसी तरह प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए भी आवेदन आए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून

**हरिभूमि कवर्धा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों जिसमें छात्रावास ड्यूटी और 500 नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को आयोजित है। मुख्यालय नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों और 500 नगर सैनिकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा ली जाएगी। लिखित परीक्षा राज्य के 4 जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर व अम्बिकापुर में संपादित की जाएगी।

# गौ-हत्या बंद व गौ-माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने सभी गौ- मतदाता बनेः पं उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अतरिया-दामापुर में आयोजित श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में शंकराचार्य के शिष्य पं आनंद उपाध्याय धर्म सांसद ने कहा कि संसार के व्यक्ति सांसारिक दृष्टिकोण से उसे बड़ा मानते हैं, भाग्यवान मानते हैं जिनके पास धन हो, परिवार हो, बड़ा पद हो, प्रतिष्ठा हो पर श्रीराम चरित मानस की दृष्टि से देखें तो बड़भागी कौन है, बड़भागी वही है जिनका भगवान के चरणों में प्रेम होता है।

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने श्री लक्ष्मण को बड़भागी कहा। क्योंकि उनका भगवान राम के श्री चरणों में अनन्य प्रेम है, लक्ष्मण महाराज अपने माता-पिता, भाई-बंधु, सखा और सब कुछ श्रीराम को ही मानते हैं। इस संसार में भगवान के चरणों में प्रेम के कारण जो संसार के माया रमा के विलास को धन संपत्ति पद प्रतिष्ठा मकान इत्यादि को परिवार को वमन के समान त्याग कर देता है ऐसा व्यक्ति भी बड़भागी होता है। जो भगवान की सेवा करता है जैसे अंगद, हनुमान महाराज वह भी बड़भागी होते हैं। जो अपने गुरु की सेवा करता है, संतों की सेवा करता है, गौ-माता की सेवा करता है। माता-पिता की सेवा करता है वह बड़भागी होता है जो अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करता है, उनकी सेवा करते हुए समय की कमी के कारण तीर्थ यात्रा नहीं कर पाता है। धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर पाता है तो भी माता-पिता की सेवा के बल पर जैसे पुंडरीक को भगवान का दर्शन हुआ था, वैसे ही माता-पिता की सेवा करने वाले सुपुत्र को गंगा, जमुना, सरस्वती संगम सभी पवित्र नदियों के स्नान का फल मिल जाता है और सभी तीर्थ के दर्शन और सेवन का फल मिल जाता है। पिता के प्रसन्नता से ब्रह्मा और आकाश के सारे देवता प्रसन्न हो जाते हैं, माता की प्रसन्नता से धरती माता और सारी देवियां प्रसन्न हो जाती हैं। जो माता-पिता की सेवा करता है वह जीवन भर सुखी रहता है उसका लोक परलोक दोनों बन जाता है, आज्ञा पालन करना यह भी बहुत बड़ी सेवा है।

परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज इस समय प्रथम प्राथमिकता में पूरे देश से गौ-हत्या बंद करना चाहते हैं और गौ-माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाना चाहते हैं। गौ-माता की रक्षा के लिए शंकराचार्य ने ऐतिहासिक रूप से गोवर्धन से दिल्ली तक पद यात्रा की और सन 1966 में धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज ने विश्व का सबसे बड़ा गौ-रक्षा आंदोलन किया था, जहां हजारों लाखों गौ-भक्त बलिदान हो गए थे। दिल्ली में उसी स्थल में जाकर के वहां उनका पूजन किया और गौ रक्षा के संकल्प लिया गया। शंकराचार्य भगवान सभी को यह संदेश देते हैं कि गौ-माता के रक्षा के लिए अपने-अपने स्तर से सभी सनातनी हिन्दू गौ-माता की सेवा करें और पार्टी और पंथ से ऊपर उठकर के गौ मतदाता बने, जब भारत में 33 करोड़ गौ मतदाता बन जाएंगे उस दिन गौ हत्या बंद हो जाएगी और गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिलेगा। इसलिए, हम सबको अपने मां के रक्षा के लिए गौ-माता के रक्षा के लिए गौ मतदाता बनना है।

### दान करने से लाखों गुना अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है



उन्होंने कहा कि शास्त्रों में षट्कर्म का विधान किया गया है, जिसके अंतर्गत स्नान, दान, स्वाध्याय, भगवान की पूजा, जप इत्यादि आता है, हमारे धर्मशास्त्र की आज्ञा है कि हमें नित्य दान करना चाहिए, नित्य दान करने से महान पुण्य की प्राप्ति होती है। शास्त्र के आज्ञा का पालन होता है और शिवमहापुराण के अनुसार दान करने से लाखों गुना अधिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अतः सनातन धर्म के रक्षा के लिए धर्मशास्त्र की आज्ञा का पालन करने के लिए सभी सनातनी हिंदुओं को हर परिवार को हर व्यक्ति को कम से कम सवा रुपए रोज नित्य दान करना चाहिए, यह नित्यदान की राशि जगतगुरु शंकराचार्य के आश्रम में जाती है जहां बच्चों के पढ़ाई, साधु-संतों के भोजन और सनातन धर्म के रक्षा सुरक्षा में यह दान की राशि लगती है। दान के संबंध में दो सावधानी है पहला सत्पात्र को दान देते हैं तब हमारा धन बढ़ता है, पुण्य मिलता है, धन पवित्र होता है यदि हम कुपात्र को दान करते हैं। शराबी, जुआड़ी व मांसाहारी को तो लेने वाला और दान देने वाला दोनों नरक चले जाते हैं। इसलिए दान करने के पूर्व सावधानी जरूर रखें दान से धन पवित्र होता है मन शुद्ध होता है निष्काम भाव से दान करने पर भगवान की प्राप्ति भी हो जाती है। जैसे भक्त सुदामा और राजा बलि को हुआ था। यह लक्ष्मी नारायण यज्ञ 28 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित की जाएगी। जहां विभिन्न संतों और विद्वानों का सत्संग लाभ प्राप्त होगा यज्ञ आचार्य छवि कृष्ण पाण्डेय के द्वारा बड़ी कुशलता के साथ यज्ञ कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रीय साहू समाज व लोगों द्वारा आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचकर यज्ञ भगवान का दर्शन और सत्संग का लाभ ले रहे हैं।

## सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए 78 करोड़ 45 लाख स्वीकृति की घोषणा

# सीएम ने सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य को जल्द पूरा करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दलदली/बोड़ला

मंगलवार को जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम दलदली में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा सुतियापाट नहर विस्तारीकरण परियोजना को जल्द पूरा करने और 26 गांव में सिंचाई योजना एवं 54 गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु रामपुर (ठाठापुर), दशरंगपुर, इंदौरी से मरका तक पाइप लाइन विस्तार हेतु 78 करोड़ 54 लाख रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की। इसके साथ ही छीरपानी जलाशय से 66 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा भी मंच से की गई, जिससे किसानों और ग्रामवासियों में उत्साह दिखाई दिया और सभी ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री के आगमन पर हैलीपैड में उनका स्वागत किया और कार्यक्रम में शिरकत करते हुए जनता को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सुतियापाट नहर विस्तारीकरण एवं क्षेत्र के किसानों हेतु सिंचाई योजना और ग्रामवासियों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन विस्तारीकरण के लिए 78 करोड़ 54 लाख रुपए की स्वीकृति तथा छीरपानी जलाशय से 66 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के हित और जनता की सुविधा के हेतु लिए गए, इस निर्णय से सैकड़ों गांव को लाभ मिलेगा। सुतियापाट आहार विस्तारीकरण हेतु हमने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कड़ा संघर्ष किया, हजारों की संख्या में ग्रामवासियों, किसानों के साथ हमने प्रदर्शन, पदयात्रा और ट्रैक्टर एवं बैलगाड़ी यात्रा निकालकर इस मांग को पूरा करने के लिए निरंतर संघर्ष किया। लेकिन प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद इसकी स्वीकृति मिली और मार्च-2024 में इस कार्य का भूमिपूजन करने का अवसर मुझे मिला जो आजीवन मुझे स्मरणीय रहेगा। इस नहर के विस्तारीकरण से जहां 26 गांव के 3250 हेक्टेयर भूमि में किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की पूर्ति होगी। जिससे किसानों के फसलों की पैदावर अधिक होगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि सुतियापाट नहर विस्तारीकरण परियोजना को गति देने और उसे जल्द से जल्द पूरा करने के साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा आज ग्राम दलदली में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में 26 गांव में सिंचाई योजना एवं 54 गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु रामपुर (ठाठापुर), दशरंगपुर, इंदौरी और मरका तक पाइप लाइन विस्तार हेतु 78 करोड़ 54 लाख रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा से क्षेत्र के हजारों किसानों और जनता को सिंचाई एवं पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही छीरपानी जलाशय से 66 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति और दलदली में कन्हाई नदी द्वारा घरों तक जल आपूर्ति की घोषणा भी मंच से की गई। सुशासन तिहार के माध्यम से मुख्यमंत्री, सभी जनप्रतिनिधि और प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रही है, उनकी सुविधाओं का विस्तार कर रही है, पूरी पारदर्शिता से विकास कार्यो और अधोसंरचना निर्माण के कार्यो को गति देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

### भाजपा सरकार में रुके विकास कार्यो को नए पंख दिए: विधायक



विधायक भावना ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी, उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षो तक अपेक्षित थी। किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस मिला, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में आज धान खरीदी हो रही है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा और गरीब परिवारों को आवास मिला। आज इन संकल्पों को पूरा करते हुए भाजपा ने छत्तीसगढ़ में रुके विकास कार्यो को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना निर्माण से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है।

# जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता तरणताल कवर्धा में संपन्न

- विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित।


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा स्थित तरणताल इंडोर स्टेडियम में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चार विभिन्न आयु सीमा केटेगरी के अंतर्गत प्रतियोगिता संपन्न हुई। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री आदिले, राजेश आदिले, जीवन कौशिक वाइस चेयरपर्सन इंडियन रेडक्रोस द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। रेफरी की भूमिका में तीनो राष्ट्रीय तैराक राजेश निर्मलकर (बैकस्ट्रोक), पूल और इवेंट इंचार्ज कुलेश्वर साहू (बटरफ्लाई), सेफ्टी इंचार्ज विनय निर्मलकर (ब्रेस्ट स्ट्रोक) उपस्थित थें। जिस पर 10 वर्ष से कम बालक वर्ग के लिए प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम स्थान अथर्व तिवारी, द्वितीय स्थान वेदांत व तृतीय स्थान कलव्य चंद्रवंशी ने हासिल किया और बालिका में पी रिद्धिमा ने प्रथम स्थान पाया।

इसी तरह 15 वर्ष से कम बालक केटेगरी में मानव साहू प्रथम, शीशम कौशिक द्वितीय व श्रवण निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में राधा निषाद प्रथम स्थान रही। अंडर-19 पुरुष वर्ग में सार्थक साहू प्रथम, भीमाशंकर साहू द्वितीय व जयंत छत्रे तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में सृष्टि दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ अंडर-40 वर्ष वर्ग में पीयूष लुनिया प्रथम, प्रदीप चंद्राकर द्वितीय व हरीश साहू तृतीय स्थान तथ महिला वर्ग में सुरभि साहू प्रथम, वंदना द्वितीय व दीपिका चौरसिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सहायक चंद्रसेन खरे, शीतल राजपूत, रीना शर्मा (फोर्स एकेडमी) ने भी अपनी भूमिका निभाई।

### नेशनल हाईवे सड़क किनारे सूखा पेड़ हादसे को दे रहे न्योता



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे-30 सड़क किनारे ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला चौक में कई दर्जनों सूखा पेड़ खड़े है। जो ग्रामीणों व राहगीरों के लिए आफत बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कवर्धा बिलासपुर नेशनल हाईवे सड़क किनारे सूखा पेड़ हादसे को न्योता दे रहे है। सड़क किनारे कई दर्जनों पेड़-पौधे है जो आग के हवाले हो चुके हैं वहीं कई सूखे होने के कारण तेज-आंधी तुफान से धराशाही हो सकते है। जिससे राहगीरों के लिए बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को राहत मिल सकें।

## क्षेत्र में लहलहा रही मूंग की फसल...

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम भटरूसे, कंझेटा, भगतपुर, कोलेगांव कुण्डा, दामापुर सहित आसपास क्षेत्र में ग्रामीण किसान धीरे-धीरे मूंग फसल की अच्छी पैदावार कर रहे है। साथ ही साथ क्षेत्र के किसानों में मूंग फसल की रुझान तथा गर्मी में क्षेत्र के किसान वैज्ञानिक पद्धति से मूंग की अच्छी पैदावार कर रहे है साथ ही साथ मूंग की हरा-भरा फसल लहलहा रही है।



# शिक्षक व छात्राओं ने सफाई कर दिया जन जागरूकता का संदेश

- साफ-सफाई कर समस्त नागरिकों को दिया स्वच्छता का संदेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल सारंगपुर कला के शिक्षक व विद्यार्थियों के साथ मिलकर ग्राम के सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों के आसपास व आवश्यकतानुसार प्रतिदिन साफ-सफाई कर समस्त नागरिकों को सफाई का संदेश दे रहे हैं।

वर्ष में तीन बार 15 अगस्त, 26 जनवरी व 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम रैली निकालकर जगह-जगह बच्चों द्वारा बनाए गए डस्टबिन को रखकर लोगों को जन जागरूक कर घर के कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंके बल्कि उनके उचित निपटारा करने के लिए डस्टबिन में डालें ताकि डस्टबिन के कचरे को किसी गड्ढे में दबाकर खाद बनाया जा सके। ग्राम के कूड़ा-कचरे को सार्वजनिक जगह में फेंकने या रहवासी इलाका में जलाने से तरह-तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है।

जिस पर विद्यालय के प्राचार्य सीपी चंद्रवंशी ने बताया कि शिक्षक व विद्यार्थियों के साथ मिलकर ग्रामीण वातावरण को स्वच्छ रखने में अहम योगदान दे रहे हैं। इस विद्यालय के विद्यार्थी मिलकर 14-14 का ग्रुप बना लेते हैं और बिना किसी संकोच व लज्जा के स्वस्फूर्त विद्यालय की सफाई में लग जाते हैं। प्रभारी प्राचार्य सीपी चंद्रवंशी, व्याख्याता हीरालाल भास्कर, रविकांत तितरमारे, राजूराम चंद्रवंशी, अवधराम नेताम भी विद्यालय को साफ-सुथरा रखने के लिए स्वयम निःसंकोच अपने हाथ में झाडू लगाकर छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने के साथ साथ गांव वालों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर रहे हैं।

## तेज तूफान ने क्षेत्र में मचाई भारी तबाही

# कच्चे मकान की छप्पर मरम्मत में जुटे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर व अंचलों में पिछले तीन-चार दिनों से तेज, आंधी-तुफान व झमाझम बारिश से कई विशालकाय पेड़-पौधे व धराशाही हो गई। वहीं क्षेत्र में तेज आंधी-तुफान ने भारी ताबाही मचाई जिससे ग्रामीणों ने कच्ची मकान के छप्पर, बांस-बल्ली उड़ने से ग्रामीण रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुनः अब ग्रामीण छप्पर की सुधार व मरम्मत करने में जुटे हुए है, ताकि गर्मी व बरसात के समय में राहत मिल सके।

### पीएम आवास योजना से वंचित हैं कई गरीब परिवार

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला सहित अन्य ग्राम के गरीब मजदूर परिवार आज भी बुनियादी सुविधा जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ से वंचित नजर आ रहे है। एक तरफ सरकार ने गरीबों को पीएम आवास योजना कार्य की सर्वे करवाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गरीब लोगों को आवास के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण पॉलिथीन-झिल्ली से कच्ची मकान की सुधार व मरम्मत कार्य की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। योजना के तहत लाभार्थियों को मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। फिर भी कई पात्र परिवार इस योजना से वंचित हैं।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**दौरा:** दलदली पहुंचकर मुख्यमंत्री ने टटोली सुशासन तिहार के क्रियान्वयन की नब्ज

# शासन के सुशासन से लोगों में खुशी और संतोषः सीएम विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश सहित जिले में चल रहे सुशासन तिहार के तहत मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम दलदली पहुंचे। इस दौरान उन्होने क्षेत्र के ग्रामीणों से मेल मुलाकात की और क्षेत्र में संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा लोगों द्वारा सुशासन तिहार में दिए गए आवेदनो के निराकरण की जानकारी भी आवेदकों से प्राप्त की। इस दौरान श्री साय ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार चल रहा है। यह सुशासन तिहार तीन चरणों में चलाया जा रहा है। जिसके पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों से सीधे और ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए थे। वहीं दूसरे चरण में 12 से 4 मई तक आवेदनो पर की गई कार्यवाही की जानकारी संबंधित आवेदकों को अधिकारियों द्वारा दी गई। इसी प्रकार तीसरे चरण में 5 मई से कलस्टर स्तर पर सुशासन तिहार आयोजित कर हमारे क्षेत्रीय विधायक, मंत्री और मैं स्वयं पहुंचकर सीधे लोगों से संवाद स्थापित कर इस बात की जानकारी एकत्र कर रहे हैं कि कितने आवेदनो का निराकरण हुआ है। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्रदेश के 35 जिले से करीब 45 लाख आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से आधे से अधिक आवेदनो का निराकरण किया जा चुका है और कहीं-कहीं 75 प्रतिशत तक आवेदन निराकृत हो चुके हैं। उन्होने बताया कि वे 5 मई को प्रदेश के शक्ति, जांजगीर पहुंचे थे और आज बेमेतरा तथा कबीरधाम जिले का दौरा किया है। कबीरधाम जिले में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनो का निराकरण बेहतर ढंग से किया गया है। जिसकी जानकारी उन्होने स्वयं लोगों से प्राप्त की है। लोगों से उनके आवेदनो पर कार्यवाही और निराकरण की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और शासन-प्रशासन के कार्यो तथा योजनाओं से संतुष्ट हैं। लोगों को केन्द्र तथा राज्य शासन द्वारा संचालित आवास योजना, महतारी वंदन योजना, खाद्यान्न योजना, राशन कार्ड, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दलदली क्षेत्र में पानी की समस्या सामने आई है जिसके निराकरण के लिए क्षेत्र के बांध, नदियां तथा दूसरे जल स्त्रोतों के माध्यम से इसे दूर करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा तथा भाजपा के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### दलदली निवासियों की मिली बड़ी सौगात,कनई नदी से की जाएगी जल आपूर्ति

दलदली पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, दलदली सहित पूरे वनांचल क्षेत्र में पीने के पानी की बड़ी समस्या का अब स्थायी समाधान होगा। स्थानीय कनई नदी से पेयजल लाकर हर घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट दूर करने के लिए सरकार लगातार बड़े फैसले ले रही है। कबीरधाम जिले में छीरपानी जलाशय से कुसुमघटा जल प्रदाय योजना के तहत 123 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे 66 ग्रामों में जलापूर्ति होगी। वहीं रामपुर-ठाठापुर-दशरंगपुर-सुतियापाठ जल प्रदाय योजना के लिए 78 करोड़ 45 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है, जिससे 54 ग्रामों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने हर वादा पूरा किया है। शपथ लेते ही प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृति दी गई, किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा लागू की। दो वर्ष का बकाया बोनस भी दिया गया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को सीधा लाभ पहुँचाया गया। तेंदूपत्ता संग्रहकों के मानक बोरे की दर बढ़ाकर 5500 रुपये की गई। श्रीरामलला दर्शन योजना से 22 हजार हितग्राहियों को लाभ मिला और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से प्रारंभ की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही महतारी वंदन योजना के तहत वंचित पात्र हितग्राहियों के लिए फार्म भराने का काम करेगी।

### भाजपा के शासनकाल में हर गारंटी हो रही पूरीः विजय शर्मा

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इन आवासों के लिए हमने सड़क पर लंबी लड़ाई लड़ी है और आज इस संघर्ष का सुखद परिणाम छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव में नजर आने लगा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार के पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही अंबिकापुर प्रवास पर आ रहे हैं और इस अवसर पर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत और भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश के वे पात्र हितग्राही, जो अब तक योजना से वंचित रह गए थे, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाएगा।

## आमापानी का आंगनबाड़ी भवन जर्जर व खस्ताहाल, भगवान भरोसे चल रही सुविधाएं



■ ग्रामीणों ने नए भवन के साथ व्यवस्था दुरूस्थ करने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में शासन, प्रशासन एवं क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान नहीं किए जाने के कारण जरूरी विकास एवं निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिसकी सीधा खामियाजा जिले की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम आमापानी में संचालित आंगनबाड़ी भवन की हालत बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम के बच्चों को इस खण्डहर हो चुके आंगनबाड़ी भवन में गुजारा करना पड़ रहा है।

जबकि दूसरी तरफ क्षेत्र में लगातार करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यो की धड़ाधड़ स्वीकृति प्रदान की जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि सीधे बैगा आदिवासी बच्चों की सुविधा व सुरक्षा से जुड़े इस आंगनबाड़ी भवन निर्माण को प्राथमिकता में शामिल क्यों नहीं किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम आमापानी में जहां आंगनबाड़ी भवन की हालत खस्ताहाल और जर्जर है वहीं यहां की व्यवस्थाएं भी चौपट हैं। उन्होने बताया कि आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता की उपस्थिति अनियमित है, जिससे बच्चों को समय पर पोषण और शिक्षा नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हफ्तों तक केन्द्र नहीं खुलता और बच्चे बाहर खेलते रहते हैं। केन्द्र में नियमित पोषण, स्वास्थ्य जांच और शिक्षा गतिविधियां नहीं हो रही हैं। सरकार की योजनाएं और प्रशासन की जिम्मेदारियां कागजों में दर्ज हैं, लेकिन जमीनी हकीकत गांव वालों की आवाज में चीख-चीखकर लापरवाही की कहानी कह रही है। ग्रामीणों की मांग है कि कार्यकर्ता नियमित रूप से केन्द्र में पर उपस्थित हो और बच्चों को पोषण और शिक्षा प्रदान करे तथा भवन की तत्काल मरम्मत या नया भवन बनाया जाए।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन आज कवर्धा में

**कवर्धा।** प्रदेश के वणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन बुधवार 07 मई को कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। मंत्री लखनलाल देवांगन प्रातः 10 बजे रायपुर से ग्राम धमकी जिला कबीरधाम के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री देवांगन 12.30 बजे ग्राम धमकी में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में शामिल होंगे। 02 बजे ग्राम धमकी से सर्किट हाउस कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## निधन

### भरत केशरी



**कवर्धा।** नगर के शिक्षाविद एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक दीपक केशरी एडवोकेट, गजल गायक राजेश केशरी एवं गीत गायक राजीव केशरी के पिता भरत प्रसाद केशरी का मंगलवार की रात्रि 1.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार की सुबह भोरमदेव रोड स्थित स्वर्ग धाम में किया गया। स्व. भरत केशरी सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, नाती, पोते, पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## मुमुक्ष साक्षी भंसाली का स्थानक भवन में किया गया भव्य स्वागत

### जैन समान ने स्नातक भवन में आयोजित किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

डोंडी लोहारा की मुमुक्षु साक्षी भंसाली का जैन श्री संघ कवर्धा के तत्वावधान में गत दिनों भावभीना अभिनंदन जैन स्थानक भवन कवर्धा में किया गया। इस अवसर पर समता संस्कार पाठशाला के बच्चों, समता महिला मंडल एवं शांति विजय बहू मंडल द्वारा स्वागत गीत समूह गान के रूप में प्रस्तुत किया गया। जैन श्री संघ कवर्धा ने बताया कि मुमुक्षु साक्षी की दीक्षा 4 जून 2025 को शास्त्रज्ञ, तपस्वी, परमागम रहस्य ज्ञाता पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी मसा के मुखारविंद से बीकानेर राजस्थान) में होना संभावित है। दीक्षार्थी के साथ वीर भ्राता, भाभी रजत जूही भंसाली एवं दिव्या भंसाली का भी कवर्धा पदार्पण हुआ। स्थानक में आयोजित अभिनंदन सभा में बैरागन बहन साक्षी को उनके सफल संयमी जीवन के लिए साधु मार्गी जैन महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती लता बोथरा, सकल जैन संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, श्वेतांबर जैन मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष अजय टाटिया, पूर्व अध्यक्ष खुशाल टाटिया, वीर पिता गुलाबचंद श्रीमाल, श्रीमती सेजल कटारिया, सुश्री अदिति श्रीश्रीमाल, पलाश टाटिया, गेन्दमल मोदी, दिनेश श्रीश्रीमाल आदि ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। सकल जैन श्री संघ कवर्धा एवं टाटिया परिवार की ओर से भेंट किए गए अभिनंदन पत्र का वाचन युवा रत्न पलाश टाटिया ने किया। अभिनंदन के दरमियान श्रावक, श्राविकाओं के भक्ति गीतों की स्वर लहरियों ने ऐसा समां बांधा की लोग हर्ष एवं खुशी से झूम उठे। मुमुक्षु बहन साक्षी भंसाली ने अपने मनोभाव व्यक्त करते हुए कहा कि अमूमन भौतिक सुख की चाहत सभी को हुआ करती है। पुण्य एवं मोक्ष की कामना रखने वाले चंद भव्य भाग्यवान ही हुआ करते हैं। वस्तुतः सच्चा शाश्वत सुख यही है। भगवान मुझे बनाना चाहते परमात्मा स्तवन गायन करते हुए उन्होंने कहा कि आपने जो मेरा अभी बहुमान किया है इसे मैं गुरु चरणों में समर्पित करती हूं। जिनके कुशल मार्गदर्शन में परम लक्ष्य (मोक्ष) की राही बन सकूंगी। मुमुक्षु साक्षी ने सभी से क्षमा याचना कर दीक्षा प्रसंग पर पधार कर आशीर्वाद देने का अनुरोध कर मंगल पाठ श्रवण कराया। स्वागत के साथ सामाजिक बांधवों द्वारा गोद भराई रस्म को श्रद्धा पूर्वक संपन्न कराया गया। जैन श्री संघ कवर्धा के महामंत्री अतुल देशलहरा एवं जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ पूर्व अध्यक्ष खुशाल टाटिया की अपील से कार्यक्रम में उल्लेखनीय उपस्थिति देखी गई।

## भाजपा शासनकाल में गांव-गांव में बह रही विकास की गंगा

■ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा स्वीकृत 43.45 लाख के निर्माण कार्यो का जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा विधानसभा के तीन ग्रामों में स्वीकृत कुल 43.45 लाख के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन मंगलवार को क्षेत्रीय जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा उपाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र साहू द्वारा किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री साहू ने ग्राम दुबहा में सामुदायिक भवन 6.50 लाख रूपए, सीसी रोड 2. 60 लाख रूपए, आंगनबाड़ी 6 लाख रूपए, नाली 9.85 लाख रूपए, ग्राम मिरमिटी में सामुदायिक भवन 6.50 लाख रूपए, नाली 2 लाख रूपए तथा ग्राम धरमपुरा में 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन स्थानीय ग्रामीणों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस



अवसर पर श्री साहू ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार और कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विधानसभा कवर्धा के ग्रामीण अंचलों के समुचित विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होने कहा कि ग्रामीणों की मांग और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान गांव-गांव में विकास की गंगा बहाई जा रही है। इस भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुषमा बघेल जनपद अध्यक्ष ने की। वहीं कार्यक्रम में प्रकाश चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष, खैमराज साहू प्रभारी, तमेश्वर साहू जनपद सदस्य,, दिनेश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, मनोज साहू सरपंच, लक्ष्मण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छंदकार बोधन साहू सम्मानित



**स लोहारा।** नगर के छंदकार बोधन राम निषादराज विनायक की छठवीं कृति छंद त्रिभंगी (छत्तीसगढ़ी भाखा मा) का विमोचन गत 4 मई को राजधानी रायपुर के वृन्दावन हॉल में किया गया। वृंदावन हॉल में आयोजित छन्द के छ के 9 वां स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, अध्यक्षता रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर एवं विशेष अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर थे। छन्द के छ के संस्थापक अरुण कुमार निगम के संयोजन में आयोजित गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ी भाषा के 10 छन्दबद्ध कृतियों का विमोचन किया गया। रचनाकारों को छत्तीसगढ़ी छन्द रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोधन राम निषाद को भी छत्तीसगढ़ी छन्द रत्न सम्मान किया गया। विमोचन कार्यक्रम में 22 जिलों से सैकड़ो साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से बोधन राम निषाद, ज्ञानुदास मानिकपुरी, अश्वनी कोसले, डीपी लहरे, देवचरण धुर्वे, आनंद मरकाम, गायत्री श्रीवास, गंडई से कमलेश प्रसाद शर्मा बाबू आदि छन्दकार शामिल हुए। सभी साहित्यकारों ने बोधन राम निषाद जी को उनके विमोचित कृति छंद त्रिभंगी के लिए बधाई दी है।

## सुशासन तिहार से सवित्री के सपनों को मिली उड़ान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आयोजित सुशासन तिहार से समाज के जरूरतमंदों के जीवन में आशा की किरण जगाई है। ग्राम बिरकोना की निवासी सावित्री, जो दिव्यांग होने के कारण सामान्य रूप से चलने में असमर्थ थीं। उन्होंने सुशासन तिहार में ट्रायसाइकिल के लिए आवेदन दिया था। समाज कल्याण विभाग ने आवेदन से तत्परता से लेकर निराकरण कर सावित्री को ट्रायसाइकिल प्रदान किया गया। इससे उनकी दैनिक जीवन में एक नई उम्मीद और दिशा मिल सकी है। सावित्री ने ग्राम पंचायात बिरकोना में सुशासन तिहार के तहत समाधान पेटी में अपना आवेदन दिया था।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग के कारण अपने गांव और आस-पास के क्षेत्रों में आवागमन में असमर्थ थीं। समाज कल्याण विभाग ने तत्परता से कार्यवाही की और आज, सावित्री को ट्रायसाइकिल का वितरण किया गया। सावित्री ने इस उपहार को पाकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि अब मैं अपनी ट्रायसाइकिल पर बैठकर आसानी से अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में जा सकूंगी।

इससे मुझे अपनी जिंदगी में एक नई दिशा मिली है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सावित्री को ट्रायसाइकिल प्रदान करना इसका एक उदाहरण है, जो यह साबित करता है कि यदि सरकार और समाज मिलकर काम करें, तो किसी भी विकलांगता को चुनौती नहीं माना जा सकता।

इस पहल से अन्य जरूरतमंदों को भी प्रेरणा मिलेगी और समाज में समानता के सिद्धांत को और भी मजबूती मिलेगी।

कबीरधाम जिले में तीन चरणओं में आयोजित की जाएगी संविधान बचाओ यात्रा

## संविधान बचाओ यात्रा के लिए जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आयोजित की जाने वाली संविधान बचाओ यात्रा को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा यात्रा की तैयारियों और रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय कवर्धा में आयोजित की गई। कांग्रेस के संगठन प्रभारी पदम कोठारी की अध्यक्षता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू की उपस्थित में आयोजित इस बैठक में कबीरधाम जिले में आयोजित की जाने वाली संविधान बचाओ यात्रा को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से लंबी चर्चा की गई और उन्हें यात्रा को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस अवसर पर संगठन प्रभारी पदम कोठारी ने उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा कबीरधाम जिले में तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण में यात्रा जिला स्तर पर होगी, द्वितीय चरण में यात्रा का आयोजन विधानसभा स्तर पर किया जाएगा और तृतीय चरण में जिले के सभी बूथ स्तर में संविधान बचाओ यात्रा की जाएगी। उन्होने बैठक में भाजपा की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में संविधान खतरे में, संविधान का दुरूपयोग किया जा रहा है और उसे अपने स्वार्थ के लिए तोड़ा मरोड़ा जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देशवासियों को संविधान में जो अधिकार दिए हैं वे उन्हें नहीं मिल पा रहे हैं। भाजपा सरकार इस संविधान से परे लोगों के अधिकारों का हनन कर रही है। विपक्षी दलों के नेताओं व आम लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है उन पर झूठे मुकदमे थोपे जा रहे हैं। देश के जल, जंगल, जमीन का अधिकार संविधान के विपरीत भाजपा सरकार अपने चहेते उद्योग पतियों को दे रही है। देश की कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद किया जा रहा है। लगातार भाजपा सरकार अपने स्वार्थ और अपने चहेतों के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान को तोड़ मरोड़ रही है जो देश और देशवासियों के हित में नहीं है। यही वजह है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने पूरे देश में संविधान बचाओ यात्रा का आव्हान किया है। जिसके परिपेक्ष्य में कबीरधाम जिले में भी इस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने भी संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से संविधान बचाओ यात्रा को सफल बनाने और यात्रा के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा में प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे, जिसकी तैयारियां हम सभी को मिलकर करनी है। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस के सभी विंगो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।